# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(107)RSSB / अर्थना / प्रा.शि. / अध्यापक / भर्ती / 2022 / 1183 दिनांक : 14.12.2022

## *संक्षिप्त विज्ञप्ति*

## प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल प्रथम एवं लेवल द्वितीय) के पदों पर सीधी भर्ती–2022

प्रारम्भिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम–2014 के प्रावधानों के अनुसार राजस्थान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती–2022 के अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र तथा अनुसूचित क्षेत्र में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल प्रथम तथा लेवल द्वितीय के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निम्नानुसार ऑन लाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैः–

EDUCATION NEWS RAJASTHAN

| क्र.सं. | पदनाम | विषय | भर्ती में विज्ञापित पदों का वर्गीकरण | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | गैर अनुसूचित क्षेत्र | | | | | | अनुसूचित क्षेत्र | | | | | | कुल योग | | | | | |
| | | | सामान्य शिक्षा | विशेष शिक्षा | | | | कुल पद | सामान्य शिक्षा | विशेष शिक्षा | | | | कुल पद | सामान्य शिक्षा | विशेष शिक्षा | | | | कुल पद |
| | | | | एम.आर. | वी.आई. | एच.आई. | कुल | | | एम.आर. | वी.आई. | एच.आई. | कुल | | | एम.आर. | वी.आई. | एच.आई. | कुल | |
| 1 | लेवल प्रथम | ....... | 17563 | 930 | 208 | 491 | 1629 | **19192** | 1570 | 155 | 32 | 51 | 238 | **1808** | 19133 | 1085 | 240 | 542 | 1867 | **21000** |
| 2 | लेवल द्वितीय | अंग्रेजी | 6724 | 468 | 107 | 187 | 762 | **7486** | 1199 | 63 | 16 | 18 | 97 | **1296** | 7923 | 531 | 123 | 205 | 859 | **8782** |
| 3 | | हिन्दी | 2315 | 161 | 37 | 64 | 262 | **2577** | 555 | 29 | 7 | 8 | 44 | **599** | 2870 | 190 | 44 | 72 | 306 | **3176** |
| 4 | | विज्ञान–गणित | 5678 | 396 | 90 | 158 | 644 | **6322** | 1030 | 54 | 14 | 15 | 83 | **1113** | 6708 | 450 | 104 | 173 | 727 | **7435** |
| 5 | | सामाजिक अध्ययन | 3593 | 250 | 57 | 100 | 407 | **4000** | 658 | 35 | 9 | 10 | 54 | **712** | 4251 | 285 | 66 | 110 | 461 | **4712** |
| 6 | | संस्कृत | 1197 | 83 | 19 | 33 | 135 | **1332** | 440 | 23 | 6 | 7 | 36 | **476** | 1637 | 106 | 25 | 40 | 171 | **1808** |
| 7 | | उर्दू | 711 | 50 | 11 | 20 | 81 | **792** | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | **14** | 725 | 50 | 11 | 20 | 81 | **806** |
| 8 | | सिन्धी | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | **9** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | **9** |
| 9 | | पंजाबी | 244 | 17 | 4 | 7 | 28 | **272** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 244 | 17 | 4 | 7 | 28 | **272** |
| योग लेवल द्वितीय | | | 20471 | 1425 | 325 | 569 | 2319 | **22790** | 3896 | 204 | 52 | 58 | 314 | **4210** | 24367 | 1629 | 377 | 627 | 2633 | **27000** |
| **कुल योग (लेवल प्रथम एवं लेवल द्वितीय)** | | | **38034** | **2355** | **533** | **1060** | **3948** | **41982** | **5466** | **359** | **84** | **109** | **552** | **6018** | **43500** | **2714** | **617** | **1169** | **4500** | **48000** |

उक्त पदों हेतु इच्छुक आवेदक निम्नानुसार निर्धारित अवधि में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

1. आवेदन करने की अवधि **दिनांक 21.12.2022 से दिनांक 19.01.2023 के रात्रि 12:00 बजे तक** रहेगी, उक्त अवधि के उपरान्त लिंक स्वतः ही निष्क्रिय हो जायेगा।
2. इच्छुक आवेदक उक्त निर्धारित अवधि में http://recruitment.rajasthan.gov.in पर SSO ID के माध्यम से लेवल प्रथम एवं लेवल द्वितीय के (विषयवार) अलग–अलग ऑनलाईन आवेदन करेंगे। विस्तृत विज्ञप्ति तथा जिलेवार पदों का विवरण विभागीय वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर अलग से ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि से पहले उपलब्ध करवा दी जायेगी।
3. ऑनलाईन आवेदन हेतु अभ्यर्थी संबंधित पद तथा ***दिव्यांगजन, उत्कृष्ट खिलाडी, भूतपूर्व सैनिक, महिला, विधवा / परित्यकता श्रेणी*** के विज्ञापित पदों हेतु जारी विस्तृत विज्ञप्ति, राजस्थान पंचायती राज नियम–1996 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम–2014 तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की समय–समय पर जारी अधिसूचनाओं का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर स्वयं की पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही आवेदन करें।
4. आवेदक को उसकी योग्यता एवं पात्रता के अनुसार संबंधित पद हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। एक से अधिक पद की योग्यता एवं पात्रता होने पर **प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन पत्र भरना होगा।** ***ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।***
5. विषयवार विज्ञापित पदों में राजस्थान राज्य के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आरक्षण एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट देय होगी। राजस्थान राज्य से बाहर के अभ्यर्थियो को सामान्य वर्ग में माना जायेगा।
6. गैर अनुसूचित क्षेत्र (**Non TSP AREA**) के विज्ञापित पदों के लिये अनुसूचित क्षेत्र (**TSP AREA**) के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है।
7. अनुसूचित क्षेत्र (**TSP AREA**) के विज्ञापित पदों के लिये केवल राजस्थान राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी / सदभावी निवासी ही आवेदन करने हेतु पात्र होगें।
8. **परीक्षा का माह एवं दिनांकः**– बोर्ड द्वारा के उक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा **दिनांक 25.02.2023 से दिनांक 28.02.2023 तक** आवंटित परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित करवाई जायेगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. **अन्य बिन्दु एवं सूचनाः–कृपया परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, आरक्षण संबंधी प्रावधान, रिक्त पदों का वर्गीकरण, शैक्षणिक योग्यता, वेतनमान, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम** इत्यादि की सूचना के लिये इस भर्ती का विस्तृत विज्ञापन आवश्यक रूप से देखें। विस्तृत विज्ञापन बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर अलग से ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि से पहले उपलब्ध करवा दी जायेगी।

इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन / सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावें।

(हरि प्रसाद शर्मा)
अध्यक्ष

EDUCATION NEWS RAJASTHAN
Join Telegram 👉 @education_news_rajasthan